नए रेलवे मंडल

2033. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मालदा, भोपाल और अम्बाला में नये रेलवे मंडल स्थापित किए गए हैं ;

(ख) यदि हां, तो अहमदाबाद में एक नया रेलवे मंडल स्थापित न किए जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) इस मामले में अब तक क्या प्रगति की गई है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां।

(ख) अत्यधिक वित्तीय तंगियों के कारण रेल मंत्रालय किसी नए मंडल के सृजन के बारे में विचार नहीं कर रहा है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

Setting up of Tenth Zone of Railways in Madhya Pradesh

2034. SHRIMATI RATAN KUMARI: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government propose to set up Tenth Railway Zone in Madhya Pradesh; and

(b) by when a final decision is likely to be taken in the matter and likely location thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

बिहार में रेल लाइन

2035. **श्री राम अवधेश सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में प्रति लाख आबादी के लिए कुल कितने किलोमीटर रेल लाइन है ; तथा पूरे देश के राज्यवार आंकड़े क्या हैं ;

(ख) मुगलसराय से गया और धनबाद के लिए सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे के बीच कुल कितनी स्थानीय और एक्सप्रेस गाड़ियां हैं ;

(ग) क्या सरकार शाम को 3 बजे से 4 बजे के बीच पटना से और इसी समय दिल्ली से कोई एक्सप्रेस गाड़ी पटना और दिल्ली के बीच तथा दिल्ली और गया के बीच चलाने का विचार रखती है ; और

(घ) क्या सरकार गया के अन्तर्राष्ट्रीय महत्व और वहां विदेशों से यात्रियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए गया या टिहरी में राजधानी एक्सप्रेस को रोकने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) 31.3.1990 को अखिल भारतीय 9.08 के औसत की तुलना में 7.62 मार्ग कि.मी. ।

(ख) 8.00 बजे से 18.00 बजे के बीच मुगलसराय से गया के लिए एक एक्सप्रेस गाड़ी तथा एक पैसेंजर गाड़ी और धनबाद के लिए एक एक्सप्रेस गाड़ी चलती है।

(ग) जी नहीं।

(घ) जी नहीं।